प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे
मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में 12 जिलों के 633 गांव बाढ़ की चपेट में : शाहजहांप्र में राहत और बचाव कार्य में मदद के लिए बुलाई गई सेना।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती और बलरामपुर में आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा : राहत कार्यों में तेजी लाने और समय से सहायता राशि देने के दिए निर्देश।
3. नीट–यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट अब 18 जुलाई को करेगा सुनवाई।

और

4. 14 जुलाई से एक अगस्त तक आगरा कैंट के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हागी सेना भर्ती रैली।

——————————

लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदश के लखीमपुर खीरी में शारदा नदी, बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा, गोरखपुर में राप्ती, सिद्धार्थनगर में बूढ़ी राप्ती और गोण्डा में क्वानो नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण लखीमपुर खीरी, सीतापुर,

पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बस्ती, बाराबंकी, गोंडा, बलिया, सिद्धार्थ नगर, शाहजहांपुर, कुशीनगर समेत 12 जिलों के 633 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। प्रदेश में राहत और बचाव कार्य में मदद के लिए सेना को बुलाया गया है। केंद्रीय सूर्या कमांड ने बचाव कार्य में मदद के लिए शाहजहांप्र जिले में दो टुकड़ियां भेजी हैं। गर्रा और खन्नौत नदियों के बहाव में फंस 264 से ज्यादा लोगों का बचाया गया है। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट..........

*आकाशीय बिजली गिरने से प्रतापगढ़ में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि सुल्तानपुर में छह और चंदौली जिले में पांच लोगों की जान चली गई. राज्य के 12 जिलों 633 गांव बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे हैं। बाढ़ के कारण हजारों एकड़ कृषि भूमि पानी में डूब गई है और करीब 8 लाख लोग प्रभावित हैं। मैलानी जंक्शन को गोंडा से जोड़ने वाला रेल मार्ग पानी में डूब गया है, जबकि बाराबंकी को गोंडा, बहराइच और अन्य नेपाल सीमावर्ती जिलों से जोड़ने वाले एल्गिन रोड पुल में दरारें आ गई हैं। राहत और बचाव टीमों ने 10,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

लखीमपुर खीरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है। बाढ़ के कारण पलिया में तीन दिनों से फंसे लगभग 1000 नेपाली नागरिकों को पलिया बस यूनियनों की 14 बसों से सुरक्षित नेपाल राष्ट्र वापस भेजा गया है।

कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने अधिकारियों के साथ आज शाहजहांपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री खन्ना ने बाढ संबंधित टीमों को बचाव

और राहत सामग्री वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। बाढ़ के कारण शाहजहांपुर शहर और उससे सटे हुए इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*पहाड़ों पर हुई घनघोर बारिश और डैम से छोड़े गए लगातार पानी की वजह से शाहजहांपुर की गर्रा नदी और खन्नौत नदी उफान पर है जिससे शाहजहांपुर शहर और उससे सटे हुए इलाकों में जल भराव की स्थिति हो गई है। सड़कों पर कमर से ऊपर पानी चल रहा है ।.यातायात बंद कर दिए गए हैं।वंथरा स्थित इंडियन आयल के डिपो में पानी भर जाने से भारत से नेपाल जाने वाले तेल के कंटेनर रोक दिए गए हैं। .मेडिकल कॉलेज में मरीजों को पानी भर जाने की वजह से अन्यत्र भेजा जा रहा है । शहर के सुभाष नगर, लोदीपुर, ब्रिज विहार, बरेली मोड़, ककरा, रेती आदि इलाकों में घरों के अंदर कमर से ऊपर पानी भर जाने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है जिला प्रशासन के साथ सेना और सामाजिक संगठन भी बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए लगे हुए हैं। .कौशलेंद्र मिश्र आकाशवाणी समाचार शाहजहांपुर।*

उधर, मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और इलाहाबाद के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज श्रावस्ती और बलरामपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही बाढ़ के कारण जान गंवाने वाले लोगों के

परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें राहत राशि वितरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री दी और बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में कुशलतापूर्वक राहत कार्य संचालित करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उनके साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ राहत कार्यों में तेजी लाने और समय रहते सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार औसत से अधिक बरसात होने की संभावना है। इसके लिए हमारी तैयारी होनी चाहिए, जहां शरणालय बनाए गए हैं, वहां दोनां टाइम के भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और प्रभावित परिवारों को हर 15 दिन में राहत सामग्री पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पूरे प्रदेश में 923 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। बाढ़ पीड़ितों को रखने के लिए एक हजार तैंतीस शरणालय बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। बाइट.......

*बाढ़ से भूमि प्रभावित है, जिसने 3 हजार 4 सौ हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि इससे प्रभावित हुई है। यह एक एनडीआरएफ, एचडीआरएफ और पीएसी की यूनिट के साथ–साथ प्रशासन के स्तर पर भी नौकाओं की व्यवस्था की गई है। लंच पैकेट, खाद्यान पैकेट ये सब उपलब्ध कराई जा रही*

*है। जनहानि पर दो परिवारों को हम लोगों ने यहा पर चेक वितरित किये। पशुहानि पर भी आपदा राहत कोष से पैसा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये हैं। जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए मुख्यमंत्री आवास योजना में परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये गये हैं।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा 2024 मामले की सुनवाई इस महीने की 18 तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पार्टियों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने में सक्षम बनाने के लिए स्थगन दिया।

शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट–यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी।

इनमें 5 मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं।

——————————

रामपुर जिले की एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व सांसद जया प्रदा को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी कर दिया है। साल 2019 के लोक सभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला जिले के कैमरी थाने में दर्ज किया गया था। इस मामले पर सुनवाई पूरी हो चुकी थी। फैसला सुनाए जाने के दौरान जया प्रदा कोर्ट में हाजिर रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह कोर्ट का सम्मान करती हैं और उन्होंने कोई भी उल्लघंन नहीं किया था।

——————————

फरवरी 2006 में रेलवे की ग्रुप डी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सुभासपा विधायक बेदी राम और निषाद पार्टी विधायक विपुल दुबे के खिलाफ लखनऊ की स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया ह। इस मामले में एसटीएफ ने बेदीराम, विपुल दुबे समेत 16 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोर्ट ने 26 जुलाई को सभी आरोपियों की हाजिरी तय कराने का आदेश इंस्पेक्टर कृष्णा नगर को दिया है। कोर्ट ने आरोपी विधायक बेदीराम,

दीनदयाल, शिव बहादुर सिंह, संजय श्रीवास्तव और अवधेश सिंह के दाखिल हाजिरी माफी के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। इसके साथ ही पहले से गैरहाजिर सभी अभियुक्तों के विरुद्ध भी गैर जमानती वारंट जारी किया गया है।

———————

आगरा के सेना भर्ती कार्यालय के मुताबिक, 14 जुलाई से एक अगस्त 2024 तक आगरा कैंट के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में सेना भर्ती रैली आयोजित की जायगी। इस रैली में वो युवा भाग लेंगे, जिन्होंने अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम—सीईई पास कर लिया है। आगरा अग्निवीर भर्ती रैली में प्रदेश के आगरा, अलीगढ, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झाँसी, कासगंज, ललितपुर, मैनपुरी और मथुरा जिलों के युवा भाग लेंगे।

———————

हाथरस जिले में आज एक निजी बस और कंटेनर के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। यह हादसा आज सुबह सिकंदरा राऊ इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 91 पर तेज रफ्तार बस के खड़े कंटेनर से टकराने से हुआ। प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया

गया है। गंभीर रूप से घायलों को हाथरस और अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। हाथरस सड़क हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। वहीं घायलों का समुचित उपचार कराए जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

(समाप्त)

बारिश–बाढ़

मुख्यमंत्री बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा

ब्रेक

नीट यूजी परीक्षा–सुनवाई स्थगित

एमपी एमएलए कोर्ट–जयाप्रदा बरी

पेपर लीक मामला–गैर जमानती वारंट

सेना भर्ती रेली

दुर्घटना–हाथरस

मुख्य सचिव समीक्षा बैठक